शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक-24.10.24

"थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के विरूद्ध अभियान चलाकर 02 नफर अभियुक्त को अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2.5 लाख रुपये की कुल वजनी 600 ग्राम फाईन क्वालिटी अफीम व एक अदद हीरो मोटरसाईकिल व दो अदद मोबाईल फोन के सेथ किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र , मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों , वांछित एंव वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद के नेतृत्व में दिनांक 23.10.2024 की रात्रि में अभियुक्तगण 1. हारुन पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मो0 बंगशान कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर 2. रिहान पुत्र ईश्वर नि0 मो0 बंगशान कस्बा कटरा जनपद शाहजहाँपुर को जलालाबाद से बरेली रोड पर निर्माणाधीन **गंगा एक्सप्रेस - वे** के पास से अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2.5 लाख रुपये की कुल वजनी 600 ग्राम फाईन क्वालिटी अफीम के साथ समय करीब 23.40 बजे गिरफ्तार किया गया । बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 835/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पंजीकृत अभियोग –

अभियुक्त हारुन पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मो0 बंगशान कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

1. मु0अ0सं0 835/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना जलालाबाद शाहजहांपुर
2. मु0अ0स0 309/2022 धारा 406/504/506 भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर
3. मु0अ0स0 577/2022 धारा 323/406/420/452/506 भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर

अभियुक्त रिहान पुत्र ईश्वर नि0 मो0 बंगशान कस्बा कटरा जनपद शाहजहाँपुर

1. मु0अ0सं0 835/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना जलालाबाद शाहजहांपुर

गिरफ्तार अभियुक्तः–

1.अभियुक्त हारुन पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मो0 बंगशान कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर

2.अभियुक्त रिहान पुत्र ईश्वर निवासी मोहल्ला बंगशान कस्बा कटरा जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरणः–

- अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 2.5 लाख रुपये की कुल वजनी 600 ग्राम फाईन क्वालिटी अफीम बरामद होना
- एक अदद हीरो मोटरसाईकिल
- दो अदद मोबाईल फोन

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार राय थानाजलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
2. उ0 नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
3. का0 2103 दिनेश थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
4. का0 2219 अनिल नागर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
5. का0 2012 शुभम सैनी थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
6. का0 2268 विक्रान्त नैन थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर

पूछताछ विवरण - प्रभारी निरीक्षक जलालाबाद श्री प्रदीप कुमार राय द्वारा अभियुक्तगण हारुन व रिहान उपरोक्त से क्रमशः पूछताछ की गयी तो पूछने पर बताया कि हम लोग दिल्ली से आने वाले व्यक्ति/ राहजनो से रोड पर ही किसी सुनसान जगह पर सस्ते दामो मे अफीम खरीद लेते है और अधिक रेट पर सडक किनारे बने होटल ढाबों , ट्रैक चालको आदि को अधिक भाव मे बेच देते हैं उक्त काम मे काफी मोटा मुनाफा मिलता है एवं उक्त माल की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये है हमे इसकी कीमत के बारे मे जानकारी है हम लोग यह काम चोरी छिपे से काफी समय से कर रहे हैं जिससे हम लोग पहले कभी पुलिस द्वारा नही पकडे गए आज हम लोग इसे लेकर सडक किनारे बने होटल , ढाबो के साथ साथ कटरा आदि जगहो पर बेचने की फिराक मे थे तो पुलिस ने आज हमे पकड लिया , साहब मुझसे गलती हो गयी ।